# प्रीलिम्स फैक्ट्स: 22 जून, 2020

drishtiias.com/hindi/printpdf/prelims-facts-22-june-2020

## गोल्डन लंगूर

## Golden Langur

हाल ही में प्राइमेटोलॉजिस्टों (Primatologists) ने पता लगाया है कि बंदर की एक लुप्तप्राय प्रजाति गोल्डन लंगूर (Golden Langur) जो केवल भारत के असम राज्य एवं भूटान के कुछ हिस्सों में पाई जाती है, में इलेक्ट्रिक शॉक के कारण गर्भपात की स्थिति उत्पन्न हो रही है।




## प्रमुख बिंदु:

- गोल्डन लंगूर भारत के असम राज्य एवं भूटान के अर्द्ध-सदाबहार एवं मिश्रित-पर्णपाती वनों में निवास करता है।
- गोल्डन लंगूर एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाने के लिये पेड़ों के ऊपरी कैनोपी ( Upper Canopy) का उपयोग करते है किंतु इनके रास्ते में 3-फेस इलेक्ट्रिक तार पड़ने के कारण इलेक्ट्रिक शॉक का खतरा बना रहता है।
- भारत के असम राज्य में गोल्डन लंगूर का क्षेत्र तीन नदियों (दक्षिण में ब्रह्मपुत्र, पूर्व में मानस और पश्चिम में **संकोश** (Sonkosh) नदी) से घिरा हुआ है। जबकि इनकी उत्तरी सीमा भूटान में समुद्र तल से 2,400 मीटर ऊँची पहाड़ियाँहै।

## संकोश (Sonkosh) नदी:

- संकोश नदी का उद्गम उत्तरी भूटान से होता है और यह भारत के असम राज्य में ब्रह्मपुत्र नदी से मिलती है। इसे स्वर्णकोशा नदी भी कहा जाता है।
- भूटान में इसे, वांगड्यू फोडरंग (Wangdue Phodrang) शहर के पास कई सहायक नदियों के संगम के बाद पुना त्सांग चु (Puna Tsang Chu) के नाम से जाना जाता है।
- भारत में प्रवेश करने के बाद यह असम एवं पश्चिम बंगाल की सीमा पर बहती है।

## मानस नदी:

- मानस नदी दक्षिणी भूटान एवं भारत के बीच हिमालय की तलहटी में बहने वाली एक परवर्ती नदी है।
- इस नदी की कुल लंबाई लगभग 400 किलोमीटर है। भारत में ब्रह्मपुत्र नदी में मिलने से पहले यह 24 किलोमीटर तिब्बत (चीन), 272 किलोमीटर भूटान में और 104 किलोमीटर भारत के असम राज्य में बहती है।
- यह भूटान की सबसे बड़ी नदी प्रणाली है।

  वर्ष 2019 में भूटान में हुई गोल्डन लंगूर जनगणना में वर्ष 2009 की तुलना में 62% गिरावट दर्ज की गई। वर्ष 2009 में असम में इनकी आबादी लगभग 5,140 थी किंतु COVID-19 के मद्देनज़र राष्ट्रव्यापी लॉकडाउन के कारण इस वर्ष की जनगणना पूरी नहीं हो सकी।

## गोल्डन लंगूर (Golden Langur):

- **वैज्ञानिक नाम: ट्रेचयपिथेकस जीई (Trachypithecus geei)**
- क्षेत्र: पश्चिमी असम (भारत) एवं भूटान के ब्लैक माउंटेन की तलहटी में
- IUCN की रेड लिस्ट में स्थिति: लुप्तप्राय प्रजाति (Endangered Species)

---

## छोलुंग सुकफा

## Chaolung Sukapha

19 जून, 2020 को असम के मुख्यमंत्री ने कोलकाता के एक राजनीतिक टिप्पणीकार गरगा चटर्जी (Garga Chatterjee) को गिरफ्तार करने का आदेश दिया जिन्होंने **छोलुंग सुकफा** (Chaolung Sukapha) को 'चीनी आक्रमणकारी' बताया था।

## प्रमुख बिंदु:

- छोलुंग सुकफा 13वीं शताब्दी के अहोम साम्राज्य (Ahom kingdom) के संस्थापक थे जिसने छह शताब्दियों तक असम पर शासन किया था।
- समकालीन विद्वान छोलुंग सुकफा को बर्मा मूल का बताते हैं जो अहोमों का नेता था और लगभग 9,000 अनुयायियों के साथ 13वीं शताब्दी में ऊपरी बर्मा से असम की ब्रह्मपुत्र घाटी में पहुँचा था।

- **'ए हिस्ट्री ऑफ असम'** नामक अपनी किताब में **सर एडवर्ड गैट** (Sir Edward Gait) ने लिखा है कि वर्ष 1235 में सुकफा एवं उनके लोग वर्षों तक भटकने के बाद ऊपरी असम के चाराइदेव (Charaideo) में आकर बस गए।

  चाराइदेव ही वह स्थान था जहाँ सुकफा ने अपनी पहली छोटी रियासत की स्थापना की। यहीं से अहोम साम्राज्य के विस्तार का बीज बोया गया।
- अहोम साम्राज्य के संस्थापकों की अपनी भाषा एवं धर्म था। धीरे-धीरे अहोमों ने हिंदू धर्म एवं असमिया भाषा को स्वीकार कर लिया।
- विद्वानों का मानना है कि अहोमों ने यहाँ रहने वालों पर अपना प्रभाव डालने के बजाय यहाँ रहने वाले समुदायों की भाषा, धर्म एवं संस्कारों को अपनाया।
- सुकफा का महत्त्व विशेषकर आज के असम में विभिन्न समुदायों एवं जनजातियों को आत्मसात करने के उसके सफल प्रयासों में निहित है।
  - उन्हें व्यापक रूप से 'बोर असोम' (Bor Asom) या 'ग्रेटर असम' (Greater Assam) के वास्तुकार के रूप में जाना जाता है।
  - सुकफा एवं उसके शासन की याद में असम में प्रत्येक वर्ष 2 दिसंबर को 'असोम दिवस' (Asom Divas) मनाया जाता है।

---

## 'नेशनल टेस्ट अभ्यास' मोबाइल एप

## National Test Abhyas Mobile App

केंद्रीय मानव संसाधन एवं विकास मंत्री ने घोषणा की है कि राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (National Testing Agency- NTA) ने नेशनल टेस्ट अभ्यास मोबाइल एप (National Test Abhyas Mobile App) पर हिंदी भाषा में भी मॉक टेस्ट देने की सुविधा शुरू की।

### प्रमुख बिंदु:

- इस एप को राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी द्वारा विकसित किया गया है जो उम्मीदवारों को NTA के दायरे में JEE main और NEET जैसी आगामी परीक्षाओं के लिये मॉक टेस्ट देने में सक्षम बनाता है।
- इस एप को उच्च गुणवत्ता वाले मॉक टेस्ट हेतु उम्मीदवारों की पहुँच की सुविधा के लिये लॉन्च किया गया है क्योंकि COVID-19 के मद्देनज़र राष्ट्रव्यापी लॉकडाउन के कारण शैक्षणिक संस्थानों को बंद कर दिए जाने से प्रतियोगी छात्रों को आगामी परीक्षाओं के लिये मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।
- हिंदी माध्यम वाले प्रतियोगी परीक्षा के छात्र अब NTA द्वारा नेशनल टेस्ट अभ्यास मोबाइल एप पर जारी हिंदी भाषा में मॉक टेस्ट का अभ्यास कर सकते हैं।

---

## नेशनल पीपल्स पार्टी

## National People's Party

हाल ही में मणिपुर में भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार से नेशनल पीपुल्स पार्टी (National People's Party-NPP) के उप-मुख्यमंत्री वाई जॉय कुमार समेत नेशनल पीपुल्स पार्टी के चार मंत्री इस्तीफा देकर कांग्रेस में शामिल हो गए।

## प्रमुख बिंदु:

- नेशनल पीपुल्स पार्टी भारत में एक राष्ट्रीय स्तर की राजनीतिक पार्टी है हालाँकि इसका ज्यादातर प्रभाव मेघालय राज्य में केंद्रित है।
- जुलाई 2012 में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (Nationalist Congress Party- NCP) से निष्कासन के बाद नेशनल पीपुल्स पार्टी की स्थापना पी. ए. संगमा ने की थी।
- इसे 7 जून, 2019 को राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा दिया गया था। यह पूर्वोत्तर भारत का पहला राजनीतिक दल है जिसने यह दर्जा हासिल किया है।
    - नेशनल पीपुल्स पार्टी का चुनाव चिह्न 'किताब' है।
        उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा मिल जाने के बाद देश में किसी भी अन्य राजनीतिक दल या प्रत्याशी को उस राष्ट्रीय पार्टी का चुनाव चिह्न आवंटित नहीं किया जाता है।
    - राष्ट्रीय राजनीतिक दल को दिल्ली में पार्टी कार्यालय और राजनीतिक गतिविधियों के लिये जमीन आवंटन केंद्र सरकार की तरफ से किया जाता है।